**CONSTRUCTION OF 10 COURT BUILDING (G+5),AMINITY BUILDING (G+4) ,HAZAT BUILDING(G+1) AT SUBDIVISIONAL COURT NARKATIYAGANJ, WEST CHAMPARAN, Tender Id-109104 कार्य से संबंधित निविदा के तकनीकी बीड निष्पादन के क्रम में प्राप्त परिवाद पर कार्रवाई हेतु विभागीय निविदा समिति की दिनांक–09.01.2026 को आहूत बैठक की कार्यवाही:–**

---

**उपस्थितिः–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) | **श्री कुमार रवि,**<br>सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना। | – | अध्यक्ष |
| (ii) | **श्री सुरेश प्रसाद प्रभाकर,**<br>अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव, भ0नि0वि0, पटना। | – | सदस्य |
| (iii) | **ई0 रामाज्ञा कुमार,**<br>मुख्य अभियंता (उत्तर), भवन निर्माण विभाग, पटना। | – | सदस्य |
| (iv) | **श्री विकास कुमार पाण्डेय,**<br>आन्तरिक वित्तीय सलाहकार, भ0नि0वि0, पटना। | – | सदस्य |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | योजना का नाम | – | CONSTRUCTION OF 10 COURT BUILDING (G+5), AMINITY BUILDING (G+4), HAZAT BUILDING(G+1) AT SUBDIVISIONAL COURT NARKATIYAGANJ, WEST CHAMPARAN, Tender Id-109104 |
| 2. | योजना की प्रशासनिक स्वीकृति की राशि | – | ₹37,99,92,000/– (विधि विभाग का ज्ञापांक –2026 दिनांक–25.03.2025) |
| 3. | तकनीकी स्वीकृति की कुल राशि (विद्युत कार्य सहित) | – | ₹30,28,20,692/– {मुख्य अभियंता (नि0) का पत्रांक–723(नि0) अनु0 दिनांक–24.06.2025} |
| 4. | योजना अन्तर्गत विषयांकित कार्य हेतु परिमाण विपत्र की राशि | – | ₹34,65,99,040/– |
| 5. | निविदा आमंत्रण की तिथि | – | 05.08.2025 |
| 6. | निविदा प्राप्त (डाउनलोड) की अंतिम तिथि | – | 12.09.2025 |
| 7. | निविदा जमा (अपलोड) की अंतिम तिथि | – | 13.09.2025 |
| 8. | प्री–बीड की बैठक की तिथि एवं समय | – | दिनांक–01.09.2025 को मुख्य अभियंता (उत्तर) के कार्यालय कक्ष में एवं दिनांक–25.08.2025 को अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल, मोतिहारी के कार्यालय कक्ष में। |
| 9. | कार्य समाप्ति की अवधि | – | 15 (पन्द्रह) माह |
| 10. | निविदा प्रसारण का माध्यम | – | ई–निविदा एवं दैनिक समाचार पत्र |
| 11. | निविदा आमंत्रण सूचना प्रकाशन की तिथि एवं प्रकाशित समाचार पत्र का नाम | – | हिन्दुस्तान, दिनांक–10.08.2025 |
| 12. | प्रकाशन का पी0आर0 संख्या | – | 010784(भवन)2025–26 |

13. **निविदा में भाग लेनेवाले निविदाकार का नाम एवं पता** –
- (i) Jai Mata Di Road Construction Private Limited Add-P.C. Colony Kankarbagh, Patna
- (ii) Kishor Kumar ,Add-Pragya Nagar Bhikanpura, Muzaffarpur
- (iii) M/S Pramod Kumar Singh Add-Kadhauna,Singhaura,Wazirganj, Gaya
- (iv) Ramesh Kumar Add- New Chandmari, Motihari, East Champaran

14. **तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की समीक्षा :-**

**प्रथम बार आमंत्रित निविदा(वर्त्तमान में):-** विषयांकित कार्य हेतु प्रथम बार प्राप्त निविदा के तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की दिनांक-10.12.2025 को सम्पन्न बैठक में इस निविदा में भाग लिए **चार निविदाकार में से तीन निविदाकार** (i) "Jai Mata Di Road Construction Private Limited Add-P.C. Colony Kankarbagh, Patna", (ii) "Kishor Kumar ,Add-Pragya Nagar Bhikanpura, Muzaffarpur" **एवं** (iii) "M/S Pramod Kumar Singh Add-Kadhauna,Singhaura,Wazirganj, Gaya" **को तकनीकी बीड में "सफल" एवं अन्य एक निविदाकार** (i) "Ramesh Kumar Add-New Chandmari, Motihari, East Champaran" **को 'असफल'** घोषित करने का निर्णय लिया गया था एवं परिवाद/आपत्ति प्राप्त करने हेतु अवधि निर्धारित करते हुए उक्त कार्यवाही को विभागीय बेवसाईट पर अपलोड करने का निर्णय लिया गया था।

इस क्रम में दिनांक-15.12.2025 को "Ramesh Kumar Add-New Chandmari, Motihari, East Champaran" के द्वारा परिवाद प्राप्त हुआ। परिवाद के सम्यक् जाँचोपारांत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा विचार किया गया। परिवाद दिया गया है जो निम्न है:-

| क्र.सं. | परिवादी द्वारा उठाये गये बिन्दु | तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का मंतव्य |
|---|---|---|
| 1. | "Ramesh Kumar Add-New Chandmari, Motihari, East Champaran" द्वारा दिये गये परिवाद में बताया गया कि निविदाकार द्वारा अपलोड किए गए PHE दस्तावेज में स्पष्ट रूप से उल्लेखित है कि संबंधित कार्य वित्तीय वर्ष 2020-21 में पूर्ण किया गया है। मैं यह भी अवगत कराना चाहता हूँ कि उक्त कार्य से संबंधित संपूर्ण मापन (Measurment) वित्तीय वर्ष 2020-21 में ही किया गया था, इसी कारण अनुभव प्रमाण पत्र में Year of Execution के रूप में वर्ष 2020-21 दर्शाया गया है। संबंधित बिन्दुओं को मैने दस्तावेज में संलग्न कर हाईलाइट भी किया है, ताकि संदर्भ में किसी प्रकार का भ्रम न रहें। इसके साथ ही मैं उक्त कार्य से संबंधित भुगतान पमाण पत्र (Payment Certificate) भी संलग्न कर रहा हूँ जिससे यह स्पष्ट रूप से सिद्ध होता है कि उक्त कार्य का भुगतान एक ही वित्तीय वर्ष में किया गया है। | "Ramesh Kumar Add-New Chandmari, Motihari, East Champaran" द्वारा दिये गये परिवाद/आपत्ति के आलोक में निविदाकार द्वारा निविदा में अपलोड किये गये PHE अनुभव प्रमाण पत्र के सत्यापन एवं उल्लेखित वित्तीय वर्ष 2020-21 के कराये गये कार्यो में Distribution Main = 22528 mtr. एवं House Connection = 1801 nos. का एकरानामा में निहित दर के अनुसार वर्ष 2020-21 मे कराये गये कार्य की कुल राशि को सत्यापित करने हेतु मुख्य अभियंता(उत्तर) का पत्रांक-5769 दिनांक-22.12.2025 द्वारा कार्यपालक अभियंता, PHE Division, Hajipur को भेजा गया।<br><br>कार्यपालक अभियंता, PHE Division, Hajipur का पत्रांक-8576 दिनांक-30.12.2025 द्वारा यह बताया गया कि अनुभव प्रमाण पत्र इस कार्यालय के पत्रांक-261 दिनांक-12.01.2024 द्वारा निर्गत किया गया है साथ ही अनुभव प्रमाण पत्र के कार्य का एकरारनामा की प्रति संलग्न किया गया है। सम्यक् विचारोपरांत अनुभव प्रमाण पत्र में किये गये कार्य की मात्रा एवं एकरारनामा में निहित दर के अनुसार वित्तीय वर्ष 2020-21 में किये गये कार्य की कुल राशि ₹54,03,000/- (1801 x 3000 = ₹54,03,000/-) मात्र आती है जो कि निविदा में PHE कार्य हेतु मांगी गयी राशि ₹34,84,092/- मात्र से अधिक है।<br><br>अतः "Ramesh Kumar Add-New Chandmari, Motihari, East Champaran" द्वारा दिये गये परिवाद को मान्य किया जाता है एवं इन्हें सफल घोषित करने की अनुशंसा की जाती है। |

15. **तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसाः-**

सम्यक् विचारोपरांत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा सर्वसम्मति से चारों निविदाकारों (i) "Jai Mata Di Road Construction Private Limited Add-P.C. Colony Kankarbagh, Patna", (ii) "Kishor Kumar ,Add-Pragya Nagar Bhikanpura, Muzaffarpur", (iii) "M/S Pramod Kumar Singh Add-Kadhauna,Singhaura,Wazirganj, Gaya" एवं (iv) "Ramesh Kumar Add-New Chandmari, Motihari, East Champaran" को तकनीकी बीड में 'सफल' घोषित करने की अनुशंसा की जाती है। साथ ही सफल निविदाकार का वित्तीय बीड खोले जाने की अनुशंसा पर सहमति प्राप्त करने हेतु विभागीय निविदा समिति के समक्ष रखने का निर्णय लिया गया। तद्आलोक में मुख्य अभियंता (उत्तर) अग्रेतर कार्रवाई करेंगें।

16. **विभागीय निविदा समिति का निर्णयः-**

सम्यक् विचारोपरान्त विभागीय निविदा समिति द्वारा सर्वसम्मति से तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा की गयी अनुशंसा पर सहमति प्रदान की गयी।

इस कार्यवाही को विभागीय बेवसाईट पर अपलोड की जाय।

अंत में बैठक सधन्यवाद समाप्त हुई।

| | | | |
|---|---|---|---|
| (विकास कुमार पाण्डेय)<br>आन्तरिक वित्तीय सलाहकार<br>भ0नि0वि0, पटना। | (रामाज्ञा कुमार)<br>मुख्य अभियंता(उत्तर)<br>भ0नि0वि0, पटना। | (सुरेश प्रसाद प्रभाकर)<br>अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव, भ0नि0वि0, पटना। | (कुमार रवि)<br>सचिव<br>भ0नि0वि0, पटना। |

**मुख्य अभियंता (उत्तर) का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।**

ज्ञापांक- भ030वि0/यो0(मोति0)-19/2025 334 पटना, दिनांकः-12/1/2026

प्रतिलिपि-आई0टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

मुख्य अभियंता (उत्तर)।